






## एक नजर में

### जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत नाले की सफाई की




**मंदसौर।** जिले में संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत प्रमुख नालों साफ-सफाई का कार्य किया गया। नालों के अंदर एवं आसपास जमा गंदगी को हटाया गया, साथ ही आसपास के क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अभियान का उद्देश्य जल स्त्रोतों को स्वच्छ बनाए रखना एवं जल संरक्षण के प्रति नागरिकों को जागरूक करना है। कार्यक्रम के दौरान नालों में जमा गंदगी, प्लास्टिक एवं अन्य कचरे को हटाकर स्वच्छता सुनिश्चित की। साथ ही आसपास के नागरिकों से अपील की गई कि वे नालों में कचरा न डालें तथा स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करें। इस प्रकार के अभियान निरंतर चलाए जाएंगे, ताकि जल स्त्रोतों का संरक्षण हो सके और शहर को स्वच्छ एवं स्वस्थ बनाया जा सके।

### ग्राम नारायणगढ़ में भूमि आवंटन के संबंध में आपत्ती/ अभिमत 21 अप्रैल तक प्रस्तुत करें

**मंदसौर।** मंदसौर तहसीलदार द्वारा बताया गया कि जल संसाधन संभाग मंदसौर द्वारा मल?हारगढ़ तहसील के नारायणगढ़ में स्थित शासकीय भूमि सर्वे नम्?बर 2985/1 रकबा 3.68 हेक?टेयर मे से रकबा 0..04 हेक?टेयर भूमि पर दाबयुक?त सूक्ष?म वृहद सिंचाई परियोजना के निर्माण में लोरा टावर के निर्माण हेतु भूमि आबंटित करने के लिए आवेदन प्रस?तुत किया है। दाबयुक?त सूक्ष?म वृहद सिंचाई परियोजना के लिए अभिमत 21 अप्रैल 2026 तक प्रस?तुत कर सकते है।

### नगर पालिका द्वारा किया जा रहा है मच्छरों की रोकथाम हेतु दवाइयो का छिड़काव

**मंदसौर।** नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर के निर्देश पर मंदसौर नगर के विभिन्न वार्डों में मच्छरों की रोकथाम हेतु दवाइयो का छिड़काव किया जा रहा है विगत दिनों नगर पालिका परिषद के द्वारा वार्ड क्रमांक 1, 2 ,3, 4, 5 ,6, 8 ,9, 10, 11, 12, 13, 14, 15, 16, 17, 19, 20, 21, 22 ,28, 29, 30, 31, 32, 33, 34 ,35 ,36, 38, 39,40 वार्डों में दवाइयां का छिड़काव किया जा चुका है शेष बचे वार्डों में आगामी समय में दवाइयो का छिड़काव किया जाएगा ।स्वास्थ्य समिति सभापति श्रीमती दीपमाला रामेश्वर मकवाना के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य अधिकारी हेमचंद्र शर्मा की निगरानी में नगर पालिका का यह अभियान अनवरत चल रहा है।

# शिक्षकों ने भरी हुंकार, मंदसौर में संयुक्त मोर्चा ने टेट के खिलाफ दिया ज्ञापन

**मंदसौर।** अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा के प्रांतीय आह्वान के तहत मंदसौर जिले में भी राज्य शिक्षक संघ आजाद अध्यापक शिक्षक संघ शासकीय अध्यापक संघ गुरुजी संघ संविदा शिक्षक संघ प्राथमिक माध्यमिक शिक्षक संघ अध्यापक कांग्रेस एनएमओपीएस शिक्षक कांग्रेस शैक्षिक शिक्षक महासंघ सर्व शिक्षक संघ द्वारा अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चे के तीन चरणों में होने वाले कार्यक्रम के तहत मंदसौर जिला स्तर पर भी अभिव्यक्ति स्थल महाराणा प्रताप चौराहा पर दोपहर 3 बजे से धरना देते हुए जिले के विभिन्न विकास खंडो से आए लगभग ढाई हजार अध्यापकों द्वारा शिक्षकों के लिए टी ई टी परीक्षा उत्तीर्ण करने की अनिवार्यता को समाप्त करने, प्रथम नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता के आदेश प्रदान करने अव्यवहारिक ई अटेंडेंश की अनिवार्यता समाप्त करने की मांग को लेकर सभी में आक्रोश व्याप्त था।

सर्वप्रथम अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा में सम्मिलित संघों के जिला अध्यक्ष सर्वश्री रोहित सिंह चौहान सुरेश भैसावल रोशन नीलगर गोविंद राम गहलोत दिलीप मेहता दुर्गेश शर्मा राजेश गुप्ता चचू विभिन्न संगठनों से आए भारतीय शिक्षण मंडल के वरिष्ठ श्याम सुंदर जी देशमुख श्री विक्रम सिंह सिसोदिया श्री अशोक शर्मा श्री तेज सिंह पवार सहित सभी वक्ताओं ने अध्यापक शिक्षकों के लिए टी ई टी परीक्षा की अनिवार्यता समाप्त करने हेतु मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री से अपने-अपने संगठन के माध्यम से निराकरण की बात कही साथ यह भी कहा गया है कि हम सदैव अध्यापक शिक्षक ऑन के साथ हैं एवं जैसा भी आंदोलन है हम उसमें सदैव कंधे से कंधा मिलाकर संघर्ष में बने रहेंगे धरना स्थल पर मंदसौर विधायक विपिन जैन अपने वक्तव्य में अध्यापकों को भरोसा दिया कि अध्यापकों के लिए टेट परीक्षा की अनिवार्यता जैसे आदेश विभाग को वापस लेना होगा और मैं माननीय मुख्यमंत्री जी को भी उक्त समस्या के निराकरण के लिए पहल करूंगा मंदसौर के पूर्व विधायक सिसोदिया बाहर होने के कारण मोबाइल के माध्यम से अध्यापक



साथियों को अस्वस्थ किया कि मैं एक दिन पूर्व ही प्रदेश के शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह से फोन पर उक्त समस्या के निराकरण की बात कही है और शीघ्र ही टेट परीक्षा की अनिवार्यता समाप्त करने हेतु मुख्यमंत्री मोहन यादव से चर्चा करूंगा धरना स्थल पर मंदसौर जावरा लोक सभा के सांसद सुधीर गुप्ता के प्रतिनिधि के रूप में गौरव अग्रवाल ने अध्यापको संबोधित करते हुए बताया कि माननीय सांसद जी यहां धरना स्थल पर आने वाले थे किंतु लोकसभा अध्यक्ष जी के संसदीय क्षेत्र में प्रवास के कारण अचानक सांसद को उनके कार्यक्रम हेतु सिंगोली प्रवास पर जाना हुआ और उन्होंने ही मुझे आप सबके बीच आपकी समस्या जो वर्तमान में बहुत गंभीर समस्या है और वास्तव में जिन शिक्षक अध्यापक भाइयों का सेवा कल 25 से भी अधिक वर्षों का हो गया है।

आज उन्हें टेट जैसी परीक्षा की अनिवार्यता का डर सता रहा है आपकी समस्या के निराकरण के लिए सांसद जी सतत प्रयास रत है भगवती शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज सभी अध्यापक भाइयों और बहनों ने यह सिद्ध कर दिया है कि अगर सरकार ने हमारी समस्या का निराकरण नहीं किया तो वह दिन दूर नहीं आगामी दिनों में भोपाल में लाखों लाख अध्यापक जुड़कर उक्त मांगों के निराकरण के लिए एकत्रित होंगे अध्यापक साथियों से कहा कि आप सभी अपने आप में लीडर हैं और सभी नेतृत्व करता है इसलिए आने वाले ब्लॉक स्तरीय एवं भोपाल में होने वाले कार्यक्रम हेतु आप स्वयं प्रत्येक साथी से संपर्क कर सभी की उपस्थिति सुनिश्चित करावें राज्य शिक्षक संघ ने सुप्रीम कोर्ट में पुनर्विचार याचिका दायर की गई है श्याम मीणा ने अपने साथियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज अपने संघर्ष को फिर से नई ऊँचाइयाँ प्रदान की है अब हमें अपने हक को लेने से चाहे कोई सरकार हो वह रोक नहीं सकती क्योंकि अब अध्यापक शिक्षक आर पार की लड़ाई के मूड में आ चुका है और वह दिन दूर नहीं जब हम भोपाल की एक-एक गली में केवल और केवल अध्यापक ही दिखेगा।



### मंदसौर में 'गांव चलो, बस्ती चलो' अभियान जारी, जनसंवाद और लाभ वितरण कार्यक्रम आयोजित

**मंदसौर।** जिले में भाजपा का 'गांव चलो, बस्ती चलो' अभियान लगातार दूसरे दिन भी सक्रियता के साथ जारी रहा। अभियान के तहत राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर ने ग्रामीण मंडल के विभिन्न गांवों में पहुंचकर चौपालों में ग्रामीणों से संवाद किया। इस दौरान वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का सम्मान, जनसमस्याओं पर चर्चा तथा पौधारोपण जैसे कार्यक्रम आयोजित किए गए।

सांसद गुर्जर ने केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए लाभार्थियों से संवाद किया और उन्हें योजनाओं का लाभ भी वितरित किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में संचालित योजनाएं ग्रामीण क्षेत्रों तक प्रभावी रूप से पहुंच रही हैं।

वहीं सुवासरा विधायक हरदीपसिंह डंग ने भी अपने विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में पहुंचकर ग्रामीणों से चर्चा की और योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि डबल इंजन सरकार के प्रयासों से ग्रामीण विकास को गति मिली है। अभियान के दौरान पार्टी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

**एक नजर** — दलौदा पुलिस ने किया सम्मानित, मध्यप्रदेश शासन की राहवीर योजना के लिए भेजा गया नाम

## इंदौर की दंपति ने बचाई चार बच्चों की जान

**दलौदा/नाहरगढ। पुलिस थाना दलौदा क्षेत्र के आक्या गाँव के पास दिनांक 08.04.26 की रात एक चार पहिया वाहन स्कॉर्पियो असंतुलित होकर डिवाइडर से टकराया जिसमें कार में सवार 6 बच्चे तथा 4 महिला पुरुष को गंभीर चोटें आई।**

सूचना मिलने पर दलौदा पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची जिस पर वहां से गुजर रहे हैं इंदौर के रहने वाले दम्पति पंकज सिंह पिता जीत सिंह तथा उनकी पत्नी अंजू सिंह पति पंकज सिंह निवासी विजयनगर इंदौर ने पुलिस की घायलों को अस्पताल पहुँचाने में उत्कृष्ट सहायता की गई। अंजू सिंह घायल बच्चों को स्वयं लेकर पुलिस की गाडी में





बैठी जिससे समय रहते घायलों को समय पर अस्पताल पहुंचाया गया तथा घायलों की जान बचाई गई।

इंदौर के रहने वाले पंकज सिंह तथा उनकी पत्नी अंजू सिंह की इस उत्कृष्ट सहायता के लिए थाना प्रभारी दलौदा उपनिरीक्षक शुभम व्यास द्वारा उन्हें थाना परिसर में बुलाकर स्वागत-सम्मान कर धन्यवाद दिया गया। साथ ही पंकज सिंह तथा अंजू सिंह जी का नाम मध्य प्रदेश शासन की राहवीर योजना 25000 रुपये ईनाम हेतु भेजा गया है। दलौदा पुलिस की सभी आम जन से अपील है कि आप सभी किसी एक्सीडेंट में घायल को अस्पताल पहुँचाने में पुलिस की मदद करें।

# नीमच

## एक नजर में

### जावद मंडी प्रागण में गेहूं उपार्जन कार्य प्रारंभ, एसडीएम सुश्री संघवी ने किया उपार्जन केंद्र का निरीक्षण



**नीमच।** रबी विपणन 2026-27 में गेहूं उपार्जन मंडी स्तर पर गुरूवार को प्रारंभ किया गया है।कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा के निर्देशन में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व जावद एवं जिला आपूर्ति अधिकारी के मार्गदर्शन में अनुविभाग जावद की विपणन सहकारी संस्था जावद मंडी प्रांगण मे किसानों से गेहूं खरीदी कार्य प्रारंभ किया गया है।सभी किसानों से आगृह किया है, कि अपनी उपज का स्लॉट बुक कर, निर्धारित तिथि एवं समय को उपार्जन स्थल पर गेहूं विक्रय कर सकते है।

### पोषण आहार पखवाड़ा अभियान चलाया




**नीमच।** मध्य प्रदेश में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा पोषण आहार पखवाड़ा अभियान चलाया जा रहा है जिसके अंतर्गत नीमच जिला मे महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा दिनांक 09 से 23 अप्रैल के 2026 तक 8 पोषण पखवाड़ा आयोजित किया जा रहा है।इसी तारतम्य में परियोजन नीमच के सेक्टर ग्राम चीताखेडा के आंगनवाड़ी केंद्र चीताखेडा क्र 1 में भी दिनांक 09 ।04 ।2026 पोषण पखवाड़े का सुभारम्भ हुवा इसमें पोषड़ पखवाड़े का मुख्य उद्देश्य 0 .3 वर्ष के बच्चो के मानसिक विकास के लिए आरंभिक उत्तेजना एवं देखभाल 3 .से 6 वर्ष के बच्चों को खेल आधारित शिक्षा देना जीवन के पहले 6 वर्षो में मस्तिष्क का अधिकतम विकास करना।सामूहिक सहभागिता एवं आँगनवाड़ियों के लिए सामुदायिक समर्थन प्राप्त करना।इस कार्यकम में परियोजना अधिकारी इरफान अंसारी सेक्टर परिवेक्षक सारिका केदार चीताखेडा के समस्त आंगनवाड़ी कार्यकर्त्ता और सहायिका उपस्थित थे।

### म .प्र .मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष 11 को नीमच में

**नीमच।** म .प्र .मानव अधिकार आयोग भोपाल के अध्यक्ष डॉ .अवधेश प्रतापसिह शनिवार 11 अप्रेल को प्रातः 10 बजे गांधी सागर से प्रस्थान कर दोपहर 12 बजे कार द्वारा नीमच सर्किटहाउस आएंगे और दोपहर 12 .30 बजे समाज सेवी संगठनों के पदाधिकारियों से चर्चा करेंगे।आप शाम 7 बजे होटल एवं रिर्जाट मणिरत्नम महू रोड नीमच पर भारत विकास परिषद द्वारा आयोजित शपथ विधि समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेने के बाद रविवार रात्रि 1 .45 बजे जयपुर भोपाल एक्सप्रेस ट्रेन द्वारा भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे।

# किसानों के मुद्दों पर कांग्रेस का प्रदर्शन

▶ खरीदी में देरी, मुआवजे और सड़कों को लेकर सौंपा ज्ञापन

**नीमच। मध्य प्रदेश में किसानों की समस्याओं को लेकर राजनीतिक गतिविधियां तेज होती नजर आ रही हैं। इसी क्रम में गुरुवार, 9 अप्रैल को जिला कांग्रेस कमेटी नीमच के नेतृत्व में किसानों के समर्थन में शहर के भारत माता चौराहा ( फोर जीरो ) पर धरना-प्रदर्शन आयोजित किया गया।**

दोपहर 12:30 बजे शुरू हुए इस प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और किसान शामिल हुए। इस दौरान कांग्रेस ने राज्य सरकार पर किसानों के साथ वादाखिलाफी और दमनकारी रवैया अपनाने के आरोप लगाए।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष तरुण बाहेती ने कहा कि प्रदेश में गेहूं खरीदी की तारीखों को लगातार आगे बढ़ाया जा रहा है।पहले 23 मार्च से प्रस्तावित खरीदी कई स्थानों पर 15 अप्रैल तक टाल दी गई है, जिससे किसान मजबूरी में अपनी उपज कम दामों पर बेचने को विवश हैं।

उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि समय पर तौल नहीं होने से किसान



सहकारी ऋण जमा नहीं कर पाए, जिसके चलते करीब 50 प्रतिशत किसानों को डिफाल्टर घोषित कर दिया गया है।

धरने के दौरान पालसोड़ा-भंवरासा क्षेत्र में हाल ही में हुई ओलावृष्टि का मुद्दा भी उठाया गया। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि प्रभावित किसानों को अब तक न तो उचित मुआवजा मिला है और न ही फसल बीमा की राशि का भुगतान हुआ है।

इसके अलावा नीमच-चीताखेड़ा-जीरन मार्ग की जर्जर स्थिति को लेकर भी प्रदर्शन में आवाज उठाई गई। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि खराब सड़क के कारण लगातार दुर्घटनाएं हो रही हैं, लेकिन सुधार कार्य नहीं किया जा रहा है।

धरने के बाद कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल के नाम कलेक्टर प्रतिनिधि को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में गेहूं खरीदी तत्काल शुरू करने, डिफाल्टर किसानों को राहत देने, फसल बीमा और ओलावृष्टि मुआवजा जारी करने तथा सड़क के पुनर्निर्माण की मांग की गई है। कांग्रेस ने चेतावनी दी है कि यदि मांगों पर जल्द कार्रवाई नहीं की गई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

प्रदर्शन में जिला कांग्रेस अध्यक्ष तरुण बाहेती, पूर्व जिला अध्यक्ष अनिल चौरसिया, महिला कांग्रेस अध्यक्ष आशा सम्भार, सेवा दल अध्यक्ष गजेंद्र यादव, ब्रजेश मित्तल, युवा कांग्रेस अध्यक्ष मन्नू बना सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।



### संभाग स्तरीय विभागीय अधिकारी/कर्मचारी बैडमिंटन प्रतियोगिता में नीमच रहा उपविजेता

**नीमच।** विभागीय खेल कैलेंडर अनुसार दिनाक 8 अप्रैल 2026 को बैडमिंटन हॉल नूतन स्टेडियम मंदसौर मे स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारी /कर्मचारियो की उज्जैन संभाग स्तरीय बैडमिंटन पुरुष वर्ग /महिला वर्ग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, प्रतियोगिता में उज्जैन, मंदसौर ,नीमच , देवास, शाजापुर आगर मालवा की जिला टीम ने भाग लिया ।

इस प्रतियोगिता में 50 वर्ष आयु पुरुष वर्ग में नीमच जिले के चयनित व्यायाम शिक्षक खिलाड़ियों अजय नागोरी, भरत सिंह कुमावत एवं भारत सिंह परिहार ने सिगल एवं डबल्स मुकाबलों में शानदार प्रदर्शन करते हुए मेजबान मंदसौर एवं आगर मालवा को हराकर फाइनल में प्रवेश किया ।फाइनल मैच नीमच एवं उज्जैन के मध्य हुआ जिसमें कड़े मुक़ाबले में मामूली अंतर से मैच नीमच हारकर संभागीय उप विजेता रहा । इनके अलावा नीमच ने 50 वर्ष से कम आयु पुरुष वर्ग में नीमच दल से राजेश शर्मा मनीष ,श्रवण सिंह एवं महिला वर्ग में मधुलिका शर्मा,ज्योति भाटी ,स्वाति ने भी अच्छे खेल का प्रदर्शन किया किन्तु प्रारंभिक मुक़ाबलो में पराजित हो गए।

नीमच ज़िले के तीनों सीनियर खिलाड़ियों अजय नागोरी ,भरत सिंह कुमावत, एवं भारतसिंह परिहार के इस शानदार प्रदर्शन एवं संभाग में द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर जिला शिक्षा अधिकारी महोदय श्री सुजान मल माँगरिया , प्राचार्य ओमप्रकाश बंसल ,जिला क्रीड़ा अधिकारी सावित्री मालवीय ,विभिन्न प्राचार्य एवं शिक्षकों ,स्टॉफ़ सदस्यों ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

**एक नजर** — विश्व में लाखों लोगों ने एक साथ किया नवाकर जप

## नीमच में टाउन हॉल में हुआ अनुष्ठान, गृहमंत्री अमित शाह वर्चुअली हुए शामिल

**नीमच। विश्व नवकार महामंत्र दिवस के अवसर पर 9 अप्रैल को जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन ( जीटो ) ने एक सामूहिक महामंत्र जाप का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में देश के गृहमंत्री अमित शाह दिल्ली से वर्चुअली जुड़े और उन्होंने भी सामूहिक रूप से नवकार महामंत्र का जाप किया।**

जीटो के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम की मुख्य विशेषता यह रही कि पूरे विश्व में लाखों लोगों ने एक ही समय पर इस महामंत्र का उच्चारण किया। इससे



सर्वत्र सकारात्मक ऊर्जा का संचार हुआ। नीमच में यह समारोह टाउन हॉल में आयोजित किया गया, जिसमें राजनीति और समाज के विभिन्न क्षेत्रों की हस्तियां शामिल हुईं। भाजपा जिला अध्यक्ष वंदना खंडेलवाल और कांग्रेस जिला अध्यक्ष तरुण बाहेती ने विशेष रूप से शिरकत की। प्रेमप्रकाश जैन और संतोष चोपड़ा सहित कई अन्य गणमान्य अतिथि भी उपस्थित रहे। संस्था अध्यक्ष रिंकू राठौर ने बताया कि यह आयोजन केवल जैन समाज तक सीमित नहीं था, बल्कि इसमें सभी वर्गों और समाजों के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए। शहर के पुरुष, महिलाएं और युवा इस सामूहिक आयोजन का हिस्सा बने। वक्ताओं ने नवकार महामंत्र को आत्मिक शांति और लोक कल्याण के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। जीटो की इस पहल का उद्देश्य नीमच सहित पूरे विश्व को एकता और धर्म के सूत्र में पिरोना था।